प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
20.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

विंटर कार्निवाल

मनाली का राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल आज से शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विंटर कार्निवाल की झांकियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विधायक भुवनेश्वर गौड़, सुंदर सिंह ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। 24 जनवरी तक चलने वाले इस कार्निवाल का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने माता हिडिंबा मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया। मनाली के इस राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में जिले की पारंपरिक संस्कृति, व्यंजन, महिला मंडलों की नाटी व देश विदेश से पहुंचे कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहती हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में चलाए जा रहे चिट्टा मुक्त अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना, उन्हें चिट्टे क दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और शिक्षा, खेल व अन्य सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। मुख्यमंत्री आज शिमला ज़िला एन.एस.यू.आई. द्वारा आयोजित चिट्टा मुक्त कैंपस कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से प्रदेश सरकार के नशामुक्त अभियान के विज़न को मज़बूती मिलती है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आवश्यक हैं। ज़िला एन.एस.यू.आई अध्यक्ष अनित जसवाल ने कहा कि यह अभियान सरकार के एंटी चिट्टा अभियान से प्रेरित है और इसका उद्देश्य स्कूल व कॉलेज परिसरों को नशामुक्त बनाना है। ये अभियान 15 फरवरी तक चलेगा।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का भरसक प्रयास कर रही है। रोहित ठाकुर आज सोलन स्थित राज्य शैक्षणिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को शिक्षकों के शिक्षण स्तर में गुणवत्ता लाने के लिए उचित कदम उठाने के दिशा–निर्देश भी दिए।

आदान–प्रदान कार्यक्रम

युवा मामले व खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सिरमौर ज़िला मुख्यालय नाहन में मेरा युवा भारत अभियान के तहत ज़िला युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में कांगड़ा ज़िला के 37 वालंटियर हिस्सा ले रहे हैं। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम के दूसरे दिन डी.आर.डी.ए. के परियोजना अधिकारी द्वीज गोयल ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। गोयल ने इस मौके पर कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवाओं को एक–दूसरे ज़िले की संस्कृति को जानने और समझने का मौका मिलता है। युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी सिरमौर ज़िला के प्रमुख स्थलों का दौरा करेंगे।

शुष्क मौसम

प्रदेश में लंबे समय से चल रहे सूखे का असर इस बार प्रदेश में गेहूं की फसल पर सीधे तौर पर पड़ा है। गेहूं उत्पादन के लिए विख्यात कांगड़ा ज़िला में सूखे के इस लंबे दौर ने किसानों को चिंतित कर दिया है। ऐसे में कृषि विभाग भी सतर्क हो गया है और किसानों को सूखे के लंबे दौर से फसलों को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक कर रहे हैं, ताकि इससे बचाव किया जा सके। कांगड़ा में अतिरिक्त कृषि निदेशक डॉक्टर राहुल कटोच ने कहा कि खेतों में नमी बनाए रखने के लिए किसानों को ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकलर सिस्टम का सहारा लेने को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ज़िले में अभी कहीं से भी गेहूं की फसल को पीला रतुआ रोग लगने की शिकायत नहीं मिली है।

मौसम

इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि हिमालयी क्षेत्र में 21 जनवरी से ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से 22 जनवरी को राज्य के मध्यम व अधिक ऊंचाई वाले अधिकांश स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना है। विभाग ने 23 जनवरी को पूरे राज्य में वर्षा और बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार इस दौरान राज्य के मध्यम व अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा और बर्फबारी की भी संभावना है। विभाग ने 23 जनवरी को चंबा और कुल्लू ज़िलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा, बर्फबारी और तूफान का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में 27 जनवरी तक मौसम के खराब बने रहने की संभावना है।

....